हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

## घरघोड़ा के रायकेरा गांव की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# सास और दामाद का गला घोट कर दी हत्या, दो संदेही पुलिस हिरासत में



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रायकेरा गांव से दोहरे हत्याकांड की खबर सामने आई है। सास और दामांद की गला घोट कर हत्या कर दी गई है। वहीं मृतका की बेटी भी गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती क्श्राया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं अभी तक दो संदेहियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

दरअसल शुक्रवार की सुबह रायकेरा गांव के एक घर में वृद्धा सुकमेत सिदार 80 वर्ष और उसके दामाद लक्ष्मण सिदार 60 वर्ष की लाश मिली है। वही सुकमेत की बेटी गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज टिंगनी अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि सुकमेत सिदार को हाल फिलहाल में जमीन की बड़ी मुआवजा राशि मिली थी, जिसके बंटवारे को लेकर ही वारदात होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतक लक्ष्मण सिदार के बेटे और एक पड़ोसी को हिरासत में लिया है। फिलहाल मृतकों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट और संदेहियों से पूछताछ के बाद ही मामले का असल वजह पता चल पाएगा।

### आपसी विवाद में की गई थी अधेड़ की हत्या, पुलिस जांच से खुला राज

तमनार थाना क्षेत्र के खुदरीखार ब्रिक्स प्लांट के पास मिले शव की गुत्थी को तमनार पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर ने हत्या के आरोपी दशरथ राठिया पिता कुमार राठिया 47 वर्ष निवासी खुदरीखार तमनार को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर की सुबह सुखमन निषाद पिता स्व. बेडाराम उम्र 47 वर्ष निवासी कुंजेमुरा मवेशी चराने निकला था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। जब ग्रामीणों ने उसकी तलाश की तो आरोपी दशरथ राठिया के घर के पीछे महुआ पेड़ के नीचे उसका शव पड़ा मिला, जिसके नाक और मुंह से खून निकल रहा था तथा गले में गमछा लिपटा हुआ था। मृतक के भाई शिवचरण निषाद ने 2 अक्टूबर को थाना तमनार में पुलिस को सूचना दी और हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने तत्काल मर्ग कायम कर जांच शुरू की और एफएसएल टीम व डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया। पुलिस डॉग ने भी संदेही दशरथ राठिया की ओर इशारा किया। थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर द्वारा की जा रही जांच में सामने आया कि मृतक सुखमन निषाद का आरोपी दशरथ राठिया से परिचय था, दोनों साथ में नशापान भी करते थे और सब्जी की खेती में साझेदारी कर रहे थे। घटना के संबंध में पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि आपसी विवाद के चलते उसने गमछे से गला घोंटकर सुखमन निषाद की हत्या की। इस आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |


VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113











# 31 अक्टूबर को रिलीज होगी मास जथारा

**मुंबई।** साउथ एक्टर रवि तेजा की आगामी फिल्म 'मास जथारा' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। रवि तेजा ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'मास जथारा' से अपना एक शानदार पोस्टर शेयर किया और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। रवि तेजा ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे पता है कि इंतजार लंबा हो गया है, लेकिन यह इसके लायक होगा। आइए, 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में 'मास जथारा' का जश्न मनाएं।' फिल्म में अभिनेता रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'मास जथारा' में रवि तेजा के साथ अभिनेत्री श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं।

## लाइफ Style

# प्रियंका



बुधवार को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हुए इवेंट में बॉलीवुड सितारों का मेला लग गया। प्रियंका चोपड़ा से लेकर तमन्ना भाटिया तक, कई सेलेब्स ने इवेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। मायानगरी एक बार फिर बॉलीवुड और फैशन की चमक से जगमगा उठी जब ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस बुल्गारी के पहले भारतीय प्रदर्शनी कार्यक्रम में शिरकत करती नजर आईं।

## एसईए इवेंट में सितारों ने बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यह आयोजन 'सर्पेंटी इन्फिनिटो एग्जीबिशन' के नाम से 1 अक्टूबर को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हुआ। इस मौके पर प्रियंका के अलावा बी-टाउन के कई सेलेब्स दिखाई दिए। प्रियंका इस इवेंट में एक स्टनिंग व्हाइट गाउन पहनकर पहुंचीं। उनके गाउन का फॉर्म-फिटेड डिजाइन और ट्रेल पर शीयर डिटेलिंग ने उनके लुक को और निखार दिया। प्रियंका ने इस दौरान नीता अंबानी और ईशा अंबानी के साथ पोज दिए। इसके अलावा वो तृप्ति डिमरी के साथ भी तस्वीरें क्लिक कराती नजर आईं। इवेंट में प्रियंका चोपड़ा ने कई सितारों से मुलाकात की। उन्होंने तमन्ना भाटिया और त्रिप्ती डिमरी के साथ काफी गपशप की। तमन्ना ने भी इस दौरान मीडिया को पोज दिए और अपने स्टाइल स्टेटमेंट से सभी को प्रभावित किया। इस इवेंट में सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा और हुमा कुरैशी भी पहुंचीं। सारा ने ब्लू कलर का गाउन पहन रखा था। इसके अलावा हुमा कुरैशी भी इवेंट में काफी ग्लैमरस लुक में नजर आईं। वहीं इस इवेंट में एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने भी शिरकत की। इवेंट में चार चांद लगाने के लिए अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी नजर आईं। मृणाल ने ब्लैक कलर का गाउन पहन रखा था।

## हॉलीवुड मसाला





# ब्लडलाइन्स ओटीटी पर होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सबसे चर्चित और रोमांचक फ्रैंचाइजी में से एक 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' ओटीटी पर दर्शकों को डराने और रोमांचित करने के लिए तैयार है। जियोहॉटस्टार ने घोषणा की है कि 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर से उनके प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगा। यह फिल्म न सिर्फ अंग्रेजी में, बल्कि तेलुगु, हिंदी और तमिल भाषाओं में भी उपलब्ध होगी। 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' का निर्देशन जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने किया है, जिन्होंने इस हॉरर थ्रिलर को नया आयाम दिया है।



# जैंडेया को गर्लफ्रेंड कहा तो टॉम हॉलैंड ने टोका

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म स्पाइडर मैन फेम एक्टर टॉम हॉलैंड और एक्ट्रेस जैंडेया काफी समय से डेट कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसी साल जनवरी में दोनों ने सगाई की है, जिसे अब तक पब्लिक नहीं किया है। इन्हीं बातों के बीच एक रिपोर्टर ने जैंडेया को टॉम की गर्लफ्रेंड कहकर पुकारा तो एक्टर ने उसे टोक दिया। साथ ही आगे जो जवाब एक्टर ने दिया, उससे रिपोर्टर भी हैरान हो गया। एक रिपोर्टर 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' के एक्टर टॉम का इंटरव्यू ले रहा था। एक इवेंट का जिक्र करते हुए उसने कहा, 'मैं अपनी बेटी को लेकर आया था और वो आपकी गर्लफ्रेंड जैंडेया से मिली। मैं उस दिन फादर ऑफ द ईयर बन गया।' रिपोर्टर की बात सुनकर टॉम ने कहा- 'मंगेतर।' टॉम की इस बात से पता चलता है कि वह और जैंडेया सगाई कर चुके हैं।



# घर में ही हैं मेरे सबसे बड़े ट्रोलरः आलिया


**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। दोनों एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का भी कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हालांकि, आलिया ने खुलासा किया कि रणबीर उन्हें सबसे ज्यादा ट्रोल भी करते हैं। आलिया का कहना है कि रणबीर उन्हें सबसे ज्यादा चिढ़ाते हैं। साथ ही एक्ट्रेस ने रणबीर के साथ अपने रिश्ते और पति-पत्नी के बीच की बॉन्डिंग को लेकर भी बात की। आलिया भट्ट काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के नए एपिसोड में पहुंचीं। आलिया ने रणबीर के साथ अपने रिश्ते को फिल्मी रोमांस से कहीं बढ़कर बताया। उन्होंने कहा कि रणबीर और मेरी दोस्ती स्वाभाविक है। यह एक अच्छे दोस्त का रिश्ता था। बेशक मैंने उनसे शादी एक वजह से की।



# 20 साल से अटकी पड़ी फिल्म बैजू बावरा

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली, फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिनके साथ काम करना हर एक्टर की हसरत होती है। भंसाली अपनी फिल्मों की कहानी से लेकर कास्टिंग और हर सीन पर बारीक मेहनत के लिए जाने जाते हैं। बॉलीवुड को खामोशी, देवदास, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत जैसी फिल्म देने वाले भंसाली का एक ड्रीम प्रोजेक्ट बीते 20 साल से अटका पड़ा है। कभी इस फिल्म में वह सलमान खान और ऐश्वर्या को कास्ट करना चाहते थे। फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके बाद खबर आई कि रणवीर सिंह के साथ यह फिल्म दोबारा शुरू होने वाली है। लेकिन, अब एक और नई रिपोर्ट आई है। चर्चा है कि भंसाली ने 'लव एंड वॉर' की शूटिंग के बीच अपने नए फेवरेट रणबीर कपूर को यह फिल्म 'बैजू बावरा' ऑफर कर दी है।

## टीवी मसाला



# शहबाज पर अभिषेक ने कसा तंज कैप्टेंसी टास्क में हुई बहसबाजी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में नया कैप्टन बनने के लिए एक टास्क प्रतियोगी कर रहे हैं। इस टास्क में शहबाज, बसीर अली, प्रणीत मोरे और अभिषेक बजात एक-दूसरे से बहसबाजी करते दिखे। खासकर अभिषेक बजाज ने शहबाज को काफी भला-बुरा कहा। बिग बॉस 19 के नए प्रोमो में कैप्टेंसी टास्क में बिग बॉस कहते हैं, 'डायनासोर छोटे डायनासोर को खा जाता है जब तक ये सलामत है आपके कैप्टन बनने का चांस भी बना रहेगा। ऐसे में सभी प्रतियोगी छोटे डायनासोर को बचाने की कोशिश करते हैं। इस दौरान एक-दूसरे पर तंज भी कसते हुए दिखते हैं। अभिषेक बजाज ने प्रोमो में शहबाज को कहा, 'तू कैप्टन तो नहीं बन सकता, क्योंकि सबका पालतू है और तेरा एक मालिक भी है।' इस बात को सुनकर शहबाज का चेहरा उतर गया। आगे प्रोमो में नजर आता है कि बसीर अली और प्रणीत मोरे भी आपस में बहसबाजी कर रहे हैं। बसीर ने प्रणीत को कहा, 'यहां से वैसे भी निकाल देंगे तुझको।' इस पर प्रणीत ने कहा, 'जितना जोर लगाना है लगा। मैं भी इधर हूं, तू भी इधर है।' हर हफ्ते बिग बॉस 19 में कोई ना कोई प्रतियोगी शो से बाहर होता है। पिछले हफ्ते आवेज दरबार घर से बाहर हुए। इस हफ्ते घर से बाहर जाने के लिए नीलम गिरी, अशनूर कौर, तान्या मित्तल, अमाल मलिक, जीशान कादरी, कुनिका सदानंद, नेहल चुडासमा और प्रणीत मोरे नॉमिनेट हुए हैं।

## नायरा के साथ हुई हैरान कर देने वाली घटना

**नई दिल्ली।** हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें चर्चित टीवी एक्ट्रेस नायरा बनर्जी डांस करती दिख रही हैं। उन्हें




दुर्गा पूजा में धुनुची नाच करते देखा गया, इसी दौरान उनके साथ हैरान कर देने वाली घटना हुई। हालांकि, पास में खड़े लोगों ने फौरने दौड़ उन्हें बचाने की कोशिश की। वीडियो में अभिनेत्री नायरा बनर्जी लाल साड़ी पहने दुर्गा पूजा के किसी कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। वीडियो में उन्हें बंगाल के पारंपरिक डांस धुनुची को करते देखा जा रहा है, जिसमें वो एक मिट्टी के खास बर्तन को घुमाती हुई दिख रही हैं। एक्ट्रेस का हाथ अचानक फंस जाता है, जिस कारण वो असंतुलित हो जाती हैं। हालांकि, तुरंत पास खड़े फोटोग्राफर्स ने उन्हें संभाला और कोई भी दुर्घटना होने से पहले बचा लिया। मशहूर टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी साउथ सिनेमा का भी बड़ा नाम हैं। उन्हें 'दिव्य दृष्टि' सीरीयल में देखा गया है। इसके अलावा अभिनेत्री 'वन नाइट स्टैंड' फिल्म में भी नजर आई हैं।

# हनुमान का किरदार निभा चुके हैं ये मशहूर सितारे

**नई दिल्ली।** हनुमान जी हिंदू धर्म में भगवान राम के सबसे बड़े भक्त और शक्तिशाली देवता हैं। उनकी कहानी रामायण में इतनी प्रेरणादायक है कि सिनेमा और टीवी पर कई सितारे उनके किरदार में नजर आ चुके हैं। वहीं, अब सनी देओल भी हनुमान के किरदार में नजर आएंगे।

**ऋषभ शेट्टी** : ऋषभ शेट्टी कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार हैं, जिन्होंने 'कांतारा' फिल्म से देशभर में नाम कमाया। अब वह 'कांतारा चैप्टर 2' में नजर आ रहे हैं। अब ऋषभ भगवान हनुमान के किरदार में नजर आने वाले हैं। ये फिल्म 'जय हनुमान' है, जिसका निर्देशन प्रशांत वर्मा कर रहे हैं। ये 'हनुमान' फिल्म का सीक्वल है। दिवाली 2024 से एक दिन पहले यानी 30 अक्टूबर को उनका फर्स्ट लुक रिलीज हुआ। इसमें वे गेरुआ वस्त्र पहने श्री राम की मूर्ति थामे दिखे। फैंस ने इसे देखकर कहा, 'परफेक्ट हनुमान'।

**देवदत्त नाग (या देवदत्त नागे)** : देवदत्त नाग मराठी सिनेमा के जाने-माने एक्टर हैं। 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'आदिपुरुष' में देवदत्त ने हनुमान का किरदार निभाया। फिल्म में प्रभास राम बने थे। हनुमान जयंती पर उनका लुक रिलीज हुआ, जिसमें वे ध्यानमग्न मुद्रा में दिखे। हालांकि, फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफलता नहीं मिली और कुछ विवाद भी हुए, लेकिन देवदत्त की एक्टिंग की तारीफ हुई। वे अपनी मस्कुलर बॉडी के लिए फेमस हैं।



**दारा सिंह** : दारा सिंह एक मशहूर पहलवान और एक्टर थे। वे 6 फुट 2 इंच लंबे और उनका वजन 127 किलो था। 1976 में फिल्म 'बजरंगबली' में उन्होंने हनुमान का रोल किया। फिर 1987 में रामानंद सागर के टीवी शो 'रामायण' में हनुमान बने, जो घर-घर में सुपरहिट हुआ। 60 साल की उम्र में भी उनकी बॉडी कमाल की थी। शूटिंग के दौरान मेकअप में 3-4 घंटे लगते थे, इसलिए वे 8-9 घंटे भूखे रहते।

**दानिश अख्तर सैफी** : दानिश अख्तर सैफी एक रेसलर से एक्टर बने। वे मुस्लिम हैं, लेकिन हनुमान के भक्त। 2015 के शो 'सिया के राम' में उन्होंने हनुमान का रोल किया। उनकी बॉडी 130 किलो की है और वे रोजाना 5 लीटर दूध पीते हैं। 'द ग्रेट खली' ने उन्हें ट्रेनिंग दी। वे 'परमावतार श्री कृष्ण' में भीम भी बने।

**निर्भय वाधवा** : निर्भय वाधवा ने 'महाभारत' में दुषासन से करियर शुरू किया। फिर 'संकट मोचन महाबली हनुमान' में हनुमान बने। 2024 के शो 'श्रीमद रामायण' में फिर हनुमान का रोल कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने कहा, 'हनुमान जी मुझे बार-बार चुनते हैं।' मुंबई में स्ट्रगल किया, जिम में हेल्पर बने।

**राज प्रेमी** : राज प्रेमी ने 1997 के शो 'जय हनुमान' में हनुमान का लीड रोल किया। संजय खान का प्रोडक्शन था। ये शो दूरदर्शन पर मंगलवार को आता था। राज पहले क्रिकेटर थे, फिर एक्टर बने। 'श्री कृष्ण' में शिशुपाल का किरदार भी निभाया। अब भोजपुरी फिल्मों में काम करते हैं।

# सिंदूर खेला के रंग में रंगी काजोल परिवार संग मां दुर्गा को दी विदाई

**मुंबई।** काजोल हर साल दुर्गा पूजा का आयोजन करती हैं। इस साल भी धूमधाम से दुर्गा पूजा काजोल और उनके परिवार ने मनाई। सोशल मीडिया पर उत्सव के आखिरी दिन की कुछ वीडियो वायरल हैं, जिसमें काजोल सिंदूर खेला खेलती नजर आईं। सोशल मीडिया पर काजोल द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव की कुछ वीडियो वायरल हैं। वह उत्सव के आखिरी दिन सिंदूर खेला कार्यक्रम में मौजूद दिखीं।

बॉलीवुड के कई सेलेब्स और काजोल के परिवार के सदस्य भी इस उत्सव में दिखे। इस मौके पर बेटी न्यासा और बहन तनीषा के साथ काजोल का अलग ही अंदाज नजर आया। सिंदूर खेला, बंगाल की दुर्गा पूजा में एक खास तरह की कार्यक्रम होता है। इसमें सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं। काजोल ने भी रितुपर्णा सेन को सिंदूर लगाया। काजोल के चेहरे और मांग पर भी सिंदूर लगा दिखा। इस उत्सव के बाद मां दुर्गा को विदा किया जाता है और उत्सव समाप्त होता है। सिंदूर खेला से पहले बहन तनीषा के साथ काजोल बातें कर रही हैं,



अपनी बहन को खूब लाड़ कर रही हैं। वह तनीषा का माथा चुमती हैं। इसके बाद दोनों साथ में सेल्फी क्लिक करती हैं। बेटी न्यासा के साथ भी काजोल ने सेल्फी क्लिक करवाने के लिए अलग तरह से पोज दिए। काजोल की बेटी न्यासा देवगन का ट्रेडिशनल लुक दुर्गा पूजा के मौके पर देखने को मिला।

## हीरोइन की शादी, आने वाले थे पंडित नेहरू पर हो गई 34 महीने की जेल

# बवाल के बीच नजीर बना था ये हिंदू-मुसलमान विवाह

*नई दिल्ली। इस एक्ट्रेस को भारतीय सिनेमा की बेमिसाल शख्सियत के रूप में याद किया जाता है। साल 1912 में यूपी के सहारनपुर में एक पारंपरिक मुस्लिम परिवार में पैदा हुई इस एक्ट्रेस ने बगावत करके फिल्मी दुनिया में कदम रखे थे। यह पढ़ाई में काफी तेज थी, पर परिवार के लोग कम उम्र में ही शादी का दबाव डालने लगे। इस कारण इसे प्रिंसिपल ने 10वीं क्लास में तीन बार फेल कर दिया था। और जब इसने शादी की तो उस पर खूब बवाल मच गया। दरअसल, यह एक्ट्रेस मुस्लिम थी और भारत-पाकिस्तान के बंटवारे से पहले एक हिंदू लड़के से ब्याह रचा लिया। माहौल बिगड़ गया तो इसे भागना पड़ा। इसकी शादी में पंडित जवाहरलाल नेहरू शामिल होने वाले थे, पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। और जब देश को आजादी मिली तो यह रातभर सड़कों पर नाचती फिरी थी। इस एक्ट्रेस का जन्म भारतीय सिनेमा की शुरुआत होने से भी पहले हुए हुआ था और जब मौत हुई तो यह 102 साल की थी। यह एक्ट्रेस जब एक साल की थी तो ग्लूकोमा की वजह से आंखों की रोशनी चली गई थी। सबको लगा कि अब यह कभी ठीक नहीं हो पाएगी। काफी इलाज कराया गया और तब रोशनी वापस आ सकी। उसी दौरान मां का निधन हो गया। ऐसे में पिता ने इस एक्ट्रेस और बाकी बच्चों को खुद ही पाला।*



### अमिताभ कहते थे 100 साल की बच्ची


ये थीं एक्ट्रेस जोहरा सहगल, जो उम्र के आखिरी पड़ाव तक एक्टिंग करती रहीं और बेहद जिंदादिल थीं। अमिताभ बच्चन भी जोहरा सहगल को '100 साल की बच्ची' कहकर बुलाते थे। जोहरा एक ऐसे मुस्लिम परिवार से थीं, जिसमें रोजे रखना और पांच वक्त की नमाज अदा करना जरूरी था, पर जोहरा ने शुरुआत से ही विद्रोही किस्म का बर्ताव दिखाया। उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाने का फैसला किया।

### कम उम्र में शादी करवाना चाहते थे पिता

जोहरा सहगल जब पढ़ रही थीं तो खूब सारे नाटकों और डांस प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती थीं। यहीं से उनका रुझान एक्टिंग और डांस की तरफ हो गया। लेकिन पिता को यह सब मंजूर नहीं था और वो उनकी शादी करवाना चाहते थे। हालांकि, माना के समझाने पर वह मान गए और उनके साथ यूरोप भेज दिया।

### 8 साल छोटे हिंदू लड़के से प्यार

जोहरा सहगल फिर उदय शंकर के साथ भारत लौट आईं और यहां पर उन्होंने उदय शंकर कल्चरल सेंटर में काम करना शुरू कर दिया। यहीं पर उनकी मुलाकात 8 साल छोटे कामेश्वर सहगल से हुई, जो वैज्ञानिक, पेंटर और एक डांसर थे। जोहरा ने जब पिता को बताया कि उन्हें कामेश्वर से प्यार हो गया है और शादी करना चाहती हैं तो खूब बवाल मचा था। इस बारे में जोहरा की परनातिन और एक्ट्रेस आयशा रजा मिश्रा ने कुछ साल पहले 'हॉटरफ्लाई' को बताया था।



### यूरोप जाकर सीखा बैले डांस, कई देशों में किया परफॉर्म

यूरोप में जोहरा सहगल बैले डांस स्कूल में एडमिशन लिया और बैले डांस में ट्रेनिंग हासिल की। उसी दौरान जोहरा सहगल की मुलाकात मशहूर डांसर और कोरियोग्राफर उदय शंकर से हुई। वह उनके डांस ट्रूप का हिस्सा बन गईं और कई देशों में परफॉर्म किया।

### बगावत कर शादी कर ली

खैर, जोहरा सहगल ने कामेश्वर सहगल से शादी कर ली और दोनों के परिवारों के बीच खूब बवाल मचा। हालांकि, उनकी शादी में जवाहरलाल नेहरू जरूर शामिल होने वाले थे। यह शादी 14 अगस्त 1942 में हुई थी, और उस वक्त 'भारत छोड़ो आंदोलन' चरम पर था। जवाहरलाल नेहरू ने जोहरा को शादी में फारसी कालीन उपहार में देने का वादा किया था, लेकिन 9 अगस्त 1942 को उन्हें अहमदनगर किले में गिरफ्तार कर लिया गया।। नेहरू की यह सबसे लंबी और आखिरी गिरफ्तारी थी। वह 34 महीने जेल में रहे थे। उन्हें फिर जनवरी 1945 में रिलीज किया गया था। वहीं, दंगों और डर के कारण, जोहरा की शादी में सिर्फ एक ही मेहमान शामिल हुआ।





## खबर संक्षेप



### 2 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ मनी गांधी जयंती

**कोसीर।** बटाऊपाली सहित आसपास के गावों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके लिए ग्राम पंचायत में ग्राम सभा बैठक भी बुलाई गई, जहा ग्राम पंचायत भवन में सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया और जयकारे लगाए गए। महात्मा गांधी देश के सर्वोच्च महान व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। अहिंसा परमो धर्मा उनके मिशाल हैं। उन्होंने सिर्फ देश प्रेम की भावना से पूरा कार्य किया। जिसकी मिशाल आज भी बडे ही प्रेम के साथ दी जाती है। आज पूरा देश राष्ट्रपिता के नाम से जाना जाता है। पूरे देशभर में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उसी तारतम्य में कोसीर बटाउपाली सहित आसपास के गवों में भी गाधीं जयंती बडे ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया। ग्राम पंचायत बटाउपाली में सुबह से ही तैयारी कर ग्राम पंचायत भवन में गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी ने नमन कर जयकारे लगाए और प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच सचिव, उपसरपंच, पंचगण व गणमान्य नागरिकगण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### महलोई गांव पहुंचे वित्त मंत्री ग्रामीणों से की मुलाकात

**रायगढ़।** रायगढ़ विधानसभा के पुसौर के महलोई गांव में ग्रामीण भाइयों-बहनों से आत्मीय मुलाकात करते हुए विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि गांवों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देकर विकास कार्य आगे बढ़ाना ही राजनीति का ध्येय है। ग्रामीण समृद्धि और खुशहाली के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता है।

### छर्राटांगर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**घरघोड़ा।** शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय जगदलपुर बस्तर में आयोजित राज्य स्तरीय ईएमआरएस सांस्कृतिक साहित्यिक एवं कला उत्सव 2025 में ईएमआरएस छर्राटांगर के 11 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियां में देशभक्ति समूहगान देवयानी एवं समूह द्वितीय स्थान, क्षेत्रीय लोकनृत्य लवली एवं समूह द्वितीय स्थान, अंग्रेजी भाषण मानसी लकड़ा द्वितीय स्थान, जनजातीय एकल गीत प्रियंशी कुजूर द्वितीय स्थान, पारंपरिक कहानी वाचन हिंदी पुष्पांजलि राठिया तृतीय स्थान शामिल है। प्रतियोगिता में स्कॉट्र्स की भूमिका में मुदित सेठ आर्य टीजीटी सामाजिक विज्ञान एवं आशा टीजीटी संस्कृत का मार्गदर्शन और सहयोग सराहनीय रहा। वहीं संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण में संगीत शिक्षिका कल्पना शुक्ला और मुदित सेठ आर्य का योगदान विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय के प्राचार्य मनीराम जांगड़े ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा हमारे छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा परिश्रम और अनुशासन से विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है। भविष्य में भी वे इसी प्रकार उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करें।

## दशहरा महोत्सव में शामिल हुए मंत्री ओपी चौधरी, जगह-जगह हुआ रावण पुतले का दहन

# सदियों से है असत्य पर सत्य के जीत की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सदियों से सत्य धर्म और अच्छाई की हमेशा विजय होती रही है। मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम हम सभी को साहस, दृढ़ता और राष्ट्र सेवा के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। रायगढ़ की जनता सहित प्रदेशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए विधायक ओपी चौधरी ने नटवर स्कूल में स्टेशन चौक युवा समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में अधर्म और बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया।

वहीं अच्छाई की जीत और बुराई के अंत के इस पावन पर्व पर नकारात्मकताओं को त्यागकर सकारात्मक ऊर्जा और सद्भाव से एक सशक्त प्रदेश और उज्जवल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने की अपील की। इसके बाद वे रामलीला मैदान में भव्य दशहरा उत्सव में शामिल होकर कहा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने जिस प्रकार अधर्म और अन्याय का अंत कर धर्म की विजय पताका फहराई, उसी प्रकार हमें भी अपने अंतःकरण की नकारात्मक शक्तियों का नाश कर आदर्श समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। यह पर्व हमें धर्म, मर्यादा और एकता का अमर संदेश देता है। इसके बाद वे चक्रधर नगर में कला एवं सांस्कृतिक मंच द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देने वाले विजयादशमी पर्व की हार्दिक मंगलकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम की कृपा से सभी लोगों के जीवन में सदैव सद्गुण, शांति, सौहार्द और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता रहे। इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री साहू, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला, मुख्यमंत्री प्रेस सलाहकार आलोक सिंह, पूर्व सभापति सुभाष पांडे, वरिष्ठ पार्षद पंकज कंकरवाल नेहा देवांगन सहित देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।



### श्रद्धा भक्ति भाव से मां महामाया मंदिर का ज्योति विसर्जित

**सरसींवां।** 2 अक्टूबर को मां महामाया मंदिर में स्थापित ज्योति ज्वारा का बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक माता के जसगीत व मांदर की धुन पर विसर्जन कार्य किया गया। जहां नगर सरसीवां व आसपास के गांव क्षेत्र के लोग ज्योति ज्वारा विसर्जित देखने भारी संख्या में पहुंचे हुए थे। सरसींवां नगर पंचायत के सेवा जसगीत मंडली ने गुरूवार शाम को मां महामाया मंदिर परिसर से मांदर की थाप में जसगीत गाते बजाते हुए मां महामाया मंदिर से जोत ज्वारा निकाल कर भक्ति भाव का परिचय दिया। जहां ज्योत ज्वारा देखने के लिए अंचल के लोग पहुंचे हुए थे। मां महामाया मंदिर व नगर बस्ती में लोगों की भीड़भाड़ बड़ी संख्या में थी। गुरुवार को मां महामाया मंदिर परिसर से निकलने वाली ज्योति को विसर्जित देखने वाले लोग अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए ज्योति ज्वारा निकलने के पहले ही लेटे रहे।

### कोसीर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा महोत्सव

**कोसीर।** दशहरा महोत्सव में गढविच्छेदन व शौर्य प्रर्दशन विशेष रहा, जिसे देखने आसपास गावों से लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी। मेला बहुत ही आकर्षक का केन्द्र लग रहा था, मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगे थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गढ़ विच्छेदन कार्यक्रम देख काफी खुशी जाहिर की। गढ विच्छेदन कार्यक्रम में बहुत से लोगों ने भाग लेते हुए अपना किस्मत आजमाया। जिसमें ग्राम बटाऊपाली अ के युवा होनहार जय विक्रांत ने तेजी से दौड़ते हुए गढ विच्छेदन कार्यक्रम मे प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपनी व अपने गांव का नाम रोशन किया। जिसके फलस्वरूप कोसीर ग्राम पंचायत सरपंच सूमन राजेन्द्र राव, उपसरपंच लता पोलेश्वर बनज व पंचगण ने विजेता घोषित की।

### ग्राम दर्रामुड़ा में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि पर्व

**खरसिया।** खरसिया के ग्राम दर्रामुड़ा में नवरात्रि का पर्व इस वर्ष भी पूरे उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। गौतम चौक में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव युवा समिति द्वारा आयोजित किया गया, जहां सुंदर पंडाल में मां दुर्गा की भव्य मूर्ति स्थापित की गई। समिति के सदस्यों ने प्रतिदिन विधिवत पूजा अर्चना की, जिसमें आचार्य भुवनदास वैष्णव महाराज और सहयोगी भूपेश वैष्णव महाराज ने भक्तों का मार्गदर्शन किया। पूजा के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। नवरात्रि के दौरान जसगीत, जगराता और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भक्तों का मन मोह लिया। 1 अक्टूबर, बुधवार को कन्या भोजन के बाद मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। विसर्जन यात्रा गौतम चौक से डीजे साउंड के साथ शुरू हुई, जिसमें ग्रामीण जय माता दी के जयकारे लगाते हुए नाचते गाते नीचे बस्ती स्थित मानसरोवर तालाब तक पहुंचे। वहां मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना के बाद मूर्ति विसर्जन किया गया और प्रसाद वितरित हुआ। इस आयोजन ने पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल बनाए रखा।

### दुर्गा उत्सव समिति का मारवाड़ी युवा मंच ने किया सम्मान

**बिलाईगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर ने विगत कई वर्षों से भव्य दुर्गा उत्सव का सफल आयोजन कर रहे श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश पालीवाल एवं समिति सदस्यों का सम्मान किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन 4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन तथा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देशानुसार शाखा अध्यक्ष श्रीमती पूनम अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। नैला जांजगीर में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष अलग अलग श्रृंगारों से सुसज्जित माता दुर्गा की स्थापना की जाती है। इस अद्वितीय परंपरा ने न केवल जिले और प्रदेश बल्कि पूरे देश विदेश में भी विशेष पहचान बनाई है। लाखों श्रद्धालु उत्सव में शामिल होते हैं और समिति द्वारा उनके लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की जाती हैं। शाखा अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा यह हमारे शहर के लिए गर्व की बात है कि दुर्गा उत्सव समिति ने निष्ठा और समर्पण से इस भव्य आयोजन को नई उचाइयां दी हैं।

## विधायक उमेश ने किरोड़ीमल नगर में बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश



**खरसिया।** विजयादशमी का पर्व किरोड़ीमलनगर में पूरे उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खरसिया विधायक उमेश पटेल ने नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।


उन्होंने प्रभु श्रीरामचंद्र का आशीर्वाद लेकर रावण दहन किया और उपस्थित जनसमुदाय को इस पावन पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उमेश पटेल ने अपने संबोधन में दशहरा पर्व के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर हम अपने जीवन में सत्य और धर्म के मार्ग पर चल सकते हैं। उनकी प्रेरणादायक बातों ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। नगर पंचायत द्वारा आयोजित इस उत्सव में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। रावण दहन के साथ ही आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन हुआ, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विधायक उमेश पटेल ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। खरसिया विधायक की सक्रिय भागीदारी और उनके प्रेरक शब्दों ने इस दशहरा उत्सव को और भी यादगार बना दिया। उनके नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल रहा।

## राउरकेला में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां पूरी

**राउरकेला।** राउरकेला में मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर राउरकेला महानगर निगम ने इस वर्ष विशेष तैयारियां की हैं। बालूघाट में निर्मित अस्थायी तालाब में विसर्जन की व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं। नगर निगम आयुक्त सुश्री दीना दास्तगीर ने गुरुवार को स्वयं स्थल का दौरा किया और सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। पिछले वर्ष विसर्जन तालाब में दूषित पानी भरे होने के कारण केंद्रीय पूजा समिति सहित कई पूजा समितियों ने असंतोष जताया था। इस बार नगर निगम ने उस गलती से सबक लेते हुए तालाब को पूरी तरह साफ करवाया है और उसमें ताज़ा पानी भरा गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से विसर्जन प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और सुचारु होगी। नगर निगम की ओर से तालाब क्षेत्र में सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, सफाई और यातायात नियंत्रण के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में कर्मियों की तैनाती की जा रही है। भाजपा नेता बिरेन पती ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि पूजा जिस तरह खुशियां व शांतिपूर्ण माहौल में बिता विसर्जन भी पूरी तरह सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हो।

## राजा राम के हाथों रावण के पुतले का दहन



**खरसिया।** विजयादशमी को लेकर इस बार नगर व पूरे क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा था। समिति ने इस बार टाउनहॉल मैदान में बेहद चाक चौबंद व्यवस्था की थी। पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी में इस बार दशहरे मेले का भव्य आयोजन किया गया है।

विजयादशमी महोत्सव समिति द्वारा नगर की सामाजिक संस्थाएं जिसमे लायंस क्लब, रोटरी क्लब, मारवाड़ी युवा मंच, नगर के पत्रकार गण, नगरवासियों, दानदाताओं, अनुविभागीय अधिकारी प्रवीण तिवारी, पीडब्लूडी, वन विभाग, बिजली विभाग, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के विशेष सहयोग से खरसिया का विराट दशहरा मेला बहुत ही शानदार ढंग से सम्पन्न हुआ। टाउनहॉल मैदान में हजारों की संख्या में ग्रामीण बंधु दशहरे मेले का आनंद लेने सपरिवार पहुंचे थे। रात्रि 8 बजे के लगभग राजा राम के हाथों रावण के पुतले का दहन हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध आतिशबाजी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित हजारों लोगों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। वहीं अध्यक्ष रूपेश सराफ ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस गौरवपूर्ण आयोजन के लिए सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद, संयोजक बजरंग अग्रवाल एलआर कमल गर्ग, महेश साहू गोपाल शर्मा, गिरधर गुप्ता ने भी आयोजन समिति की सराहना करते हुए क्षेत्रवासियों की मंगल कामना की। वहीं समिति के सचिव उमाशंकर ने सभी सहयोगी लोगों का आभार जताकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राउरकेला के पानपोष बस्ती से अवैध पटाखे का तीसरा खेप पकड़ा गया

**राउरकेला।** रघुनाथपाली पुलिस ने पानपोष बस्ती में अवैध पटाखा व्यवसाय का खुलासा किया। एसआई एच प्रधान एवं पुलिस स्टाफ की टीम ने जांच के दौरान पाबन कुमार चौरासिया 42 निवासी पानपोष बस्ती, राउरकेला को गिरफ्तार किया। आरोपी बिना किसी लाइसेंस या अनुमति के पटाखे रखकर आगामी त्योहार के लिए राउरकेला बाजार में बेचने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बड़ी संख्या में पटाखे जब्त किए, जिनमें 40 पैकेट मेगा एले, 3 बंडल ताज जाइंट क्रैकर, 48 पॉकेट फ्लावर अशोका, 40 पॉकेट फ्लावर पॉट, 40 पॉकेट किटकैट, 10 पॉकेट ग्राउंड क्रैकर, 2 पॉकेट स्काई जेल, 10 पॉकेट सनशाइन पायरो इंडिया, 13 पॉकेट ग्रीन स्पार्कलर्स, 6 पॉकेट सन किंक, 950 पॉकेट नो.1 क्रैकली, 7



पॉकेट सुपर मेगा बुलेट और 4 पॉकेट लोअर पेट अशोका शामिल हैं। इस संबंध में रघुनाथपाली पुलिस ने मामला संख्या 561, 10 मार्च के तहत सेक्शन 288 बीएनएस ओड़िशा फायरवर्क्स एवं लाउडस्पीकर नियमन अधिनियम की धारा 5 और भारतीय विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(बी)(1)(बी) के तहत दर्ज किया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, हादसे के बाद लगा जाम

**सुंदरगढ़।** हिमगीर थाना क्षेत्र के बांकीबाहाल टपरिया सड़क पर गुरुवार कीशाम एक भयानक सड़क हादसा हुआ, जिसमें कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक बाइक से बिलाईमुंडा की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रही कार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई।

स्थानीय लोगों ने भागने से पहले की कार चालक को पकड़ लिया, जिसने जनता के सामने अपनी गलती स्वीकार की। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर



दी। घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और मामले की गहन छानबीन की जा रही है। दुर्घटना का मुख्य कारण तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना बताया जा रहा है।

## सरायपाली-सरसीवां मार्ग हुआ जर्जर वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

**सरसींवा।** सरसीवां सरायपाली मार्ग पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

सरसीवां से लेकर माता नाला तक स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि वाहन चलाना भी मुश्किल हो गया है। अब तो सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि सड़क का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। इन दिनों हो रही बारिश के चलते बरसात का पानी हमेशा सड़क ऊपर बह रहा है, जिसके कारण से सड़क और भी क्षतिग्रस्त हो रही है। सड़क ऊपर बहते हुए पानी को रोकने के लिए न तो ग्रामीण ध्यान दे रहे हैं न ही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी।



ऐसे में सड़क की दुर्दशा क्या होगी यह सहज रूप से अंदाजा लगाया जा सकता है। गड्ढों में पानी भर जाने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण से राहगीर गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि गाड़ियों को इस मार्ग से होकर गुजरना भी मुश्किल हो रहा है।

### ओपी ने बताए संघ की यात्रा से जुड़े संस्मरण

## विचारों के जरिए व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक 100 वर्षों का स्वर्णिम सफर: चौधरी

**रायगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष के स्वर्णिम सफर का जिक्र करते हुए विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्व विजयादशमी के ही दिन विचारों का जो नन्हा बीज रोपा था वो आज सौ वर्षों में वट वृक्ष बन गया। इस दौरान बहुत से बदलाव आए लेकिन संघ अपने सिद्धांतों पर मजबूती से अडिग रहा।

स्थापना से लेकर आजादी तक और आजादी से लेकर आज तक संघर्ष की पद्धति में भले ही बदलाव आया लेकिन संघ ने राष्ट्र प्रथम की भावना को सदैव ऊपर रखा। राष्ट्र के लिए चेतना जागृत करना संघ का प्रमुख लक्ष्य रहा। स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए ओपी चौधरी ने कहा संघ के शताब्दी वर्ष का महान अवसर का साक्षी बनना गौरवशाली पल है। संघ के लिए अपना जीवन खपाने वाले सभी स्वयं सेवकों का पुण्य स्मरण करते हुए उन्होंने कहा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहने वाले स्वयं सेवक बधाई के पात्र है। संघ की स्थापना करने वाले डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए वित्त मंत्री ओपी ने कहा स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर मोदी सरकार ने विशेष डाक टिकट के साथ इस पल की स्मृतियो को सहेजने के लिए सिक्के भी जारी किए हैं। जीवन दायिनी नदियों की तरह संघ से मिलने वाले बहु आयामी लाभ का जिक्र करते हुए ओपी ने कहा संघ ने भारतीय जनमानस के मस्तिष्क में सेवा भावना के जरिए अमिट छाप छोड़ी है। समाज से जुड़े हर पहलु पर संघ के चिंतन की झलक देखी जा सकती है। संघ से बहुत से आनुषांगिक संगठन है जो विभिन्न क्षेत्रों में बारीकी से कार्य कर रहे है। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण, महिला सशक्तीकरण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में संघ सतत प्रत्यनशील है। सभी का लक्ष्य व्यक्ति के जरिए राष्ट्र की सेवा है। संघ के लिए हर भारतीय एक छोटी इकाई की तरह है ये छोटी छोटी इकाई मिलकर समाज का निर्माण करती है। संघ सौ वर्षों से व्यक्ति निर्माण के जरिए राष्ट्र निर्माण की कल्पना को साकार करने जी जान से जुटा हुआ है। आज देश भर में 83 हजार शाखाएं नियमित चलती है। शाखाओं की भूमि में बहने वाला पसीना हर स्वयं सेवक को खरे सोने में तब्दील करता है। स्वयं सेवकों के लिए शाखाए व्यक्ति निर्माण और चरित्र निर्माण की पाठशाला है। आजादी की लड़ाई में भी संघ की सहभागिता रही हैं। डॉक्टर हेडगेवार के साथ बहुत से स्वयं सेवकों ने आजादी के लिए लड़ाई में भाग लिया। संघ के सौ वर्षों के सफर को देखा जाए तो यह बात प्रमाणित हो जाएगी कि सत्य की राह कितनी कठिन होती है। संघ की विचारधारा को कुचलने के बहुतेरे प्रयास हुए संघ को प्रतिबंध का सामना करना पड़ा लेकिन हर विषम परिस्थिति गुजरने के बाद संघ अधिक मजबूती से राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य में जुट गया। सही मायने में सेवा परमो धर्म का मूल मंत्र संघ की कार्यपद्धति में शामिल रहा। जब जब राष्ट्र के सामने संकट आया तब तब स्वयं सेवक जान की परवाह किए बिना जी जान से सेवा में जुटे और मानवता की अदभुत मिशाल पेश की है। देश के किसी भी कोने में आपदा या विपत्ति आए संघ से जुड़े कार्यकर्ता वहां अवश्य मिलेंगे। यही स्वयं सेवकों की असली पहचान है। संघ से जुड़े अन्य संस्थान वनवासी कल्याण आश्रम, एकल विद्यालय, विद्या भारती, सेवा भारती, आदिवासी समाज से जुड़े लोगो के लिए निरंतर जुटे हुए है। 100 वर्षों की इस वैचारिक सफर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने हर भारतीय में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने में सफलता पाई है।

BMC
विद्या ददाति विनयम्
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप

### 18 अक्टूबर तक कर सकते है आवेदन

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले के 8 जनपद प पंचायतों में प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई का स्थापना किया गया है। जिसमें इच्छुक रिसाइकल्स,फर्म या थर्ड पार्टी द्वारा प्लास्टिक व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसिंग यूनिट में बेलिंग, फटाका, श्रेडींग या ग्राइडर,वजन मशीन व अन्य आवश्यक उपकरण का प्राथमिक चरण में प्राथमिकता पूर्वक संचालित करते हुए कार्य का क्रियान्वयन सह संचालन कर संपादित किया जाएगा। पीडब्ल्यूएम इकाई का क्रियान्वयन सह संचालन शासन या जिला द्वारा तय नियम व शर्तों के अधिन होगा। इस संबंध में इच्छुक रिसाइकलर्स या फर्म जिला पंचायत कार्यालय में 18 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। जिला स्तर पर गठित समिति, कलेक्टर एवं अध्यक्ष द्वारा प्राप्त अनुमोदन उपरांत प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई के संचालन हेतु रिसाइकलर्स या फर्म का चयन किया जाएगा।

### करमा देखने गए युवक की बाइक ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम कवलगिरी निवासी प्रकाश आ. कामेश्वर (42 वर्ष) ने उदयपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 27 सितंबर को पुत्र प्रदीप सिंह अपने दोस्त निलेश व रितेश के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 2569 से डांड़गांव में करमा नृत्य देखने गया था। करमा नृत्य देखने के पश्चात तीनों वापस घर आने के लिए बाइक लेने पहुंचे तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो प्रदीप ने बाइक चोरी हो जाने की जानकारी दी।

### गांधी जयंती पर शोभायात्रा व स्वच्छता रैली आयोजित

**राउरकेला।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय तथा राउरकेला नगर निगम की ओर से राउरकेला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शांति शोभायात्रा और स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में म्युनिसिपल कॉलेज और सरकारी स्वायत्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह एवं स्वच्छ साथी भी शामिल हुए। यह शोभायात्रा सरकारी स्वायत्त महाविद्यालय के सामने से शुरू होकर पानपोष चौक तक पहुंची। पानपोष चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर सम्मानित अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राउरकेला विधायक रघुनाथपाली, अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं राउरकेला नगर निगम आयुक्त सुश्री दीना दास्तगीर, पानपोष उप जिलाधिकारी विजय कुमार नायक, नगर निगम की उप आयुक्त श्रीमती अनीता नायक व तरुण कान्त तथा एवं जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती सीमा फातिमा एक्का उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से बालक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम असोला निवासी जय मंगल आ. फगुआ राम (14 वर्ष) गत दिन गांव के अन्य बच्चों के साथ कदम तालाब में स्नान करने गया था। स्नान करने के दौरान बालक गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगा। बालक को पानी में डूबता देख बच्चों ने घटना की जानकारी परिजन सहित गांव के लोगों को दी। परिजन तत्काल बालक को तालाब से निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## बरसात में तंबू गाड़ धरने पर बैठे ट्रांसपोर्टनगर के रहवासी

# नरकीय जीवन से त्रस्त लोगों ने रोक दी निगम की कचरा गाड़ी



### अधिकारियों के आश्वासन से पक चुके हैं लोग

स्थानीय लोगों की मानें तो इन 5 सालों में स्थानीय लोगों ने कई बार निगम कमिश्नर, महापौर से कचरा डंपिंग यार्ड हटाने की मांग की, लेकिन उनको सिर्फ आश्वासन का झुनझुना ही मिला। स्थानीय बीजेपी पार्षद उसत भट्ट द्वारा हाल ही में अपने ही शहर सरकार के महापौर से कचरा डंपिंग यार्ड हटाने गुहार लगाई गई, उन्होंने भी आश्वासन देकर पल्ला झाड़ लिया। लोगों ने कहा कि कुछ दिन पहले निगम आयुक्त स्वयं मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही यहां से कचरा डंपिंग यार्ड को हटाकर ट्रांसपोर्ट नगर को पूरी तरह साफ किया जाएगा, लेकिन इस ओर कोई पहल नहीं हुई। जिससे मोहल्लेवासी अधिकारी व जनप्रतिनिधयों के आश्वासन से पक चुके हैं। उनका कहना है कि निगम प्रशासन को नींद से जगाने के लिए अभी आन्दोलन का आगाज हुआ है। यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर स्थानीय लोग भूख हड़ताल पर बैठने की बात कह रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गंदगी, दुर्गंध और बीमारी जैसे नरकीय जीवन से त्रस्त ट्रांसपोर्टनगर के लोगों ने शुक्रवार की सुबह कचरा डंप करने आई निगम की गाड़ियों को रास्ते में ही रोक दिया। वहीं भरी बरसात में स्थानीय महिलाएं व पुरूष मोहल्ले में ही तंबू गाड़ कर धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि जब तक यहां से कचरा डंपिंग यार्ड को हटाया नहीं जाता उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। इधर कचरा गाड़ी रोकने व लोगों के प्रदर्शन की जानकारी पाकर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वो मानने को तैयार नहीं हुए। ऐसे में अधिकारियों द्वारा दो जेसीबी लगा कर मोहल्ले में डंप कचरा को हटाने का काम किया जा रहा है।

दरअसल ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड के पीछे नगर निगम की ही अंबेडकर कॉलोनी है, जहां करीब 400 लोग सालों से निवास करते आ रहे हैं। बस स्टैंड से लगे इस क्षेत्र को 5 सालों से नगर निगम ने कचरा डंपिंग यार्ड बना दिया है। कुछ सालों से निगम के कर्मचारी आबादी वाले क्षेत्र जोकि इनका मोहल्ला है वहीं पर शहर के सड़े-गले कचरे को डंप कर के चले जा रहे हैं। जिससे यहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया है और उनका जीवन नर्क बन गया है। गदंगी, दुर्गंध के बीच मवेशियों के जमावड़े से बच्चे, बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। इससे त्रस्त स्थानीय लोग शुक्रवार को सड़क पर उतर आए। उनके द्वारा सुबह में सबसे पहले कचरा डंप करने आए निगम की कचरा गाड़ियों को रोक दिया गया और बारिश में तंबू गाड़ कर महिलाएं, पुरूष व युवा धरने पर बैठ गए। इसकी जानकारी पाकर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उनको समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आक्रोशित मोहल्लेवासियों का कहना था कि जब तब यहां से कचरा डंपिंग यार्ड नहीं हटा दिया जाता उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। ऐसे में खानापूर्ति ही सही लेकिन निगम के अधिकारियों द्वारा तत्काली दो जेसीबी के सहारे मोहल्ले में डंप कचरा को हटाया जा रहा है।



यह गंदगी जल्द ही महामारी का रूप ले लेगी। ऐसे में वह दिन दूर नहीं जब लोग इसकी चपेट में आकर मरने लगेंगे। निगम प्रशासन व शहर सरकार द्वारा सब कुछ देखने के बाद भी आंखें बंद कर ली गई है।

**शतेन्द्र शर्मा,** स्थानीय निवासी



गंदगी से फैलने वाली बीमारी की वजह से मोहल्ले में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि हमारी सुध नहीं ले रहा, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

**रत्ना चौहान,** स्थानीय निवासी



हम पिछले पांच साल से इस कचरे के ढेर के बीच जीने को मजबूर हैं। हर बार केवल आश्वासन मिलता है, लेकिन काम कुछ नहीं होता। जब तक यहां से कचरा डंपिंग यार्ड नहीं हटता, आन्दोलन जारी रहेगा।

**राजू महंत,** स्थानीय निवासी

बारिश में गाड़ी का चक्का स्लीप होने से कर्मचारियों द्वारा सामने में ही कचरा डाल दिया जा रहा था, जिसका विरोध करते हुए स्थानीय लोगों ने गाड़ी रोक दी है। प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वो नहीं माने, ऐसे में सामने में एकत्रित कचरे के ढेर को दो जेसीबी के सहारे हटाया जा रहा है।

**रमेश तांती,** सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम



### जिले में संस्थागत प्रसव को करें प्रोत्साहित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए टीबी की जांच तीव्र करने एवं टीबी के पीड़ितों को निक्षय पोषण अभियान के तहत पोषक आहार प्रदान करने को कहा। उन्होंने सिकलसेल, वक्ष कैंसर, ग्रीवा कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि रोगों की नियमित जांच संचालित कर सभी मरीजों से नियमित रूप से उसका फॉलो अप लेने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने जिले के बाहर होने वाले प्रसवों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की व्यवस्था सुदृढ करते हुए लोगों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सास बहू सम्मेलन, एएनसी जांच, टीकाकरण समय पर करवाने एवं प्रत्येक गर्भवती महिला की जानकारी संधारित करने एवं उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। इसके साथ ही नवजात बच्चे का जन्म के साथ रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित कैम्पों की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव एवं कुनकुरी में उपलब्ध डायलिसिस सुविधा का लाभ अधिक से अधिक लोगों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## खेल संस्कृति विकसित करना है प्रतियोगिता का उद्देश्यः कलेक्टर




■ 11 से 13 अक्टूबर तक जशपुर में होगा छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप खेलों को नई ऊर्जा देने और छत्तीसगढ़ में खेल संस्कृति विकसित करने की पहल लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में जशपुर जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर तक कराया जा रहा है।

भारत में शतरंज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। यह खेल हमारी प्राचीन संस्कृति और ज्ञान की गहराई को दर्शाता है। शतरंज की शुरुआत भारत में ही चतुरंग नाम के खेल से हुई थी। कालांतर में यह पूरे विश्व में फैला। आधुनिक रूप में आने के बाद आज विश्वभर में इसे चेस के नाम से जाना जाता है। भारत के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया हैं। विश्वनाथन आनंद ने पहली बार भारत को विश्व चैंपियन बनाकर शतरंज की दुनिया में एक नई पहचान दिलाई और वे पांच बार वर्ल्ड चैंपियन बने। उनके बाद कोनेरू हंपी, हरिका द्रोणावल्ली, अर्जुन एरिगैसी, आर. प्राज्ञनानंदा, , डी. गुकेश जैसे युवा खिलाड़ी भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर यह टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के मार्गदर्शन और गाईडलाइन का पालन करते हुए कराया जा रहा है 1 उनका मानना है कि जशपुर में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जशपुर की प्रतिभाएं भी शतरंज के क्षेत्र में आगे आकर देश का नाम रोशन कर सकतीं हैं। कलेक्टर श्री व्यास ने छत्तीसगढ़ के सभी जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को जशपुर में आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और जशपुर की प्राकृतिक वादियों का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया है। आयोजन समिति के सचिव और जिला खेल अधिकारी समीर बड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर में ओपन टूर्नामेंट आयोजित हो रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

यह टूर्नामेंट जशपुर के बालाजी मंदिर के पास स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित होना है।

### दो लाख 51 हजार के नकद पुरस्कार

38 विजेताओं को कुल 2 लाख 51 इक्यावन हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी 38 विजेता प्रतिभागियों को प्रदान की जाएगी, साथ ही उन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सर्वप्रथम पंजीयन करने वाले 50 पुरुष और 30 महिला खिलाड़ियों को डॉरमेट्री आधारित निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को रियायती दरों पर लॉज, होटल तथा टूर्नामेंट स्थल पर रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

### मार्गदर्शिका एवं पोस्टर जारी

एसडीएम विश्वासराव मस्के के द्वारा आधिकारिक रूप से टूर्नामेंट की मार्गदर्शिका और पोस्टर जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिले के निवासी इस टूर्नामेंट में प्रवेश ले सकते हैं। जशपुर जिले के स्थायी निवासियों के लिए प्रवेश शुल्क 100 रु. और अन्य जिलों के निवासियों के लिए 500 रु. रखा गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर तक है । 6 अक्टूबर के बाद प्रवेश के लिए 250 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। 9 अक्टूबर के बाद प्रवेश पुरी तरह बंद हो जाएगा। टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन में वर्ष 2025-26 के लिए लागू शुल्क जमा कर सदस्यता लेनी होगी। जशपुर जिले के निवासियों के लिए 75 रुपए और अन्य जिले के निवासियों के लिए यह पंजीयन शुल्क 150 है। जिन खिलाड़ियों ने पहले से सदस्यता ली हुई है उन्हें दुबारा पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

## विसर्जन से पूर्व दुर्गावाहिनी ने की मां दुर्गा की विशेष पूजा



**चंद्रपुर।** नगर में आयोजित शारदीय नवरात्र महोत्सव का समापन इस वर्ष भी पारंपरिक आस्था और श्रद्धा के साथ हुआ। चंद्रपुर में दुर्गा पूजा का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। राजपरिवार की परंपरा के अनुरूप इस बार भी मां दुर्गा की भव्य और जीवंत प्रतिमा की स्थापना की गई थी। महानवमी की महापूजा पूरे क्षेत्र ही नहीं बल्कि राज्यभर में प्रसिद्ध है, जहां दूर-दराज से श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए आते हैं।

विजयादशमी के अवसर पर मां दुर्गा के विसर्जन से पूर्व नगर की मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी ने विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर दुर्गावाहिनी की अध्यक्षा रूपा भूपेंद्र सिंह देव ने कहा हमारे सनातन धर्म में नारी अबला नहीं, बल्कि शक्ति का स्वरूप है। दुर्गावाहिनी का उद्देश्य नारी शक्ति को संगठित कर एक सशक्त संगठन बनाना है, जो समाज की मजबूती और नारी उत्थान का माध्यम बने। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के चंद्रशेखर मालवीय ने कहा वर्तमान समय की परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक है कि हमारी माताएं बहनें अपनी शक्ति को पहचानें। मां दुर्गा ही नारी शक्ति का स्वरूप हैं। विजयदशमी पर मां भवानी से यही प्रार्थना है कि हम सभी को शक्ति और साहस दें ताकि हम सनातन पथ पर अडिग रह सकें। गौरतलब है कि 22 सितंबर से प्रारंभ हुआ नवरात्र महोत्सव 2 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ संपन्न हुआ। विसर्जन पूजन के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण किया गया और दरहाघाट स्थित महानदी में भक्तों ने नम आखों से मां का विसर्जन किया।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जशपुरिया जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर



■ सेंट जेवियर्स शांति भवन के खिलाड़ियों ने 15 पदक झटके

रायपुर में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल शांति भवन, जशपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 15 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने रोलर स्केटिंग और बास्केटबॉल में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व किया और दमदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

रोलर स्केटिंग में बालक वर्ग अंडर-19 में सुरजीत करकेट्टा ने 500 मीटर और 1000 मीटर रिंग रेस में स्वर्ण पदक हासिल किए, वहीं नैनीस एक्का ने दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक जीते। इसी वर्ग में आरव कुजूर ने दो स्वर्ण पदक (500 व 1000 मीटर रिंग रेस) और देर्शील एक्का ने दो रजत पदक अपने नाम किए।बालक अंडर-17 वर्ग में सुमित कुजूर ने 500 मीटर रोड रेस में स्वर्ण, जबकि गज्जूस करकेट्टा ने 1000 मीटर रोड रेस में रजत पदक जीता। अंडर-14 वर्ग में सक्षम कुजूर ने 1000 मीटर रिंग रेस में कांस्य और चाल्स कुजूर ने 500 मीटर रोड रेस में कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग में भी शांति भवन की छात्राओं ने अपना लोहा मनवाया। अंडर-17 वर्ग में आस्टोरिया बागे ने 500 और 1000 मीटर रिंग रेस में रजत पदक जीते, जबकि समीक्षा ने 500 मीटर रिंग रेस में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, अंडर-14 बालिका वर्ग बास्केटबॉल में अंजली एक्का और दिव्यांशी खलखो ने सरगुजा संभाग टीम से खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य ने इस उपलब्धि को छात्रों की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता का नतीजा बताते हुए खिलाड़ियों, कोच सुनैना कुजूर और टीम मैनेजर फेड्रिंक कुजूर को बधाई दी। खिलाड़ियों की इस सफलता से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरा जशपुर गौरवान्वित हुआ है।

## कुनकुरी-रनपुर मार्ग पर ईब नदी पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल



■ 120 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 4 करोड़ 86लाख रु. की मिली मंजूरी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास ने नई रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में लगातार ठोस पहल की जा रही है। सड़कों, पुलों और अन्य अधोसंरचनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे आमजन को सुविधा मिल रही है।

ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा संस्थानों की पहुंच आसान हुई है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के निर्देश पर कुनकुरी -रनपुर मार्ग पर ईब नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा 120 मीटर लंबे इस पुल के निर्माण के लिए 4 करोड़ 86 लाख 74 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में यह कार्य निविदा स्तर पर है। यह मार्ग कुनकुरी विकासखंड को बगीचा तहसील मुख्यालय और सरगुजा जिले से जोड़ता है।

ईब नदी पर बनी पुरानी पुलिया समय के साथ जर्जर हो चुकी थी और संकरी होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। बारिश के दिनों में पुलिया पर पानी बहने से आवाजाही और भी जोखिमपूर्ण हो जाती थी। नागरिक लंबे समय से नए पुल की मांग कर रहे थे। नए उच्चस्तरीय पुल के निर्माण से यातायात सुरक्षित व सुगम होगा।

## आदि कर्मयोगी अभियान को ग्राम पंचायतों में लोगों की मिल रही है सहभागिता

**जशपुर।** जिले में प्रारंभ हो रहे "आदि कर्मयोगी अभियान" को लेकर ग्राम सभाओं में व्यापक तैयारी और सहभागिता देखने को मिली है। इस अभियान के तहत जिले के सभी 417 ग्राम पंचायतों में विलेज एक्शन प्लान पारित किया जा रहा है, जिसमें हर ग्राम की अलग-अलग तारीख तय है।

यह पहल सामुदायिक नेतृत्व और सहभागिता के साथ विकास की नयी दिशा तय कर रही है। आदि कर्मयोगी अभियान जशपुर में जिले के लोग स्वयं आगे बढ़कर विकास की योजनाओं में सहभागिता निभा रहे हैं। ग्रामसभा में किए गए ट्रांजेक्ट वॉक के माध्यम से ग्रामीणों ने अपने गाँव की ज़रूरतें, समस्याएँ और विकास की प्राथमिकताओं को प्रत्यक्ष तौर पर चिन्हित कर कार्ययोजना तैयार की है। इस अभियान में जिले के लगभग 4000 आदि साथी और 6000 आदि सहयोगी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे न सिर्फ़ ग्रामवासियों को अभियान से जोड़ रहे हैं बल्कि हर घर तक जागरूकता और भागीदारी का संदेश पहुँचा रहे हैं। जशपुर ज़लि के कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने भी अभियान की प्रगति और प्रभावी संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि हर ग्रामसभा में पारित होने वाली योजना पारदर्शी हो और आमजन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च महत्व दिया जाए। जशपुर जिले के हर एक गाँव में ग्रामसभा का आयोजन उत्सव जैसा माहौल लिए हो रहा है। ग्रामीण उत्साह के साथ अपने विचार रख रहे हैं और कार्ययोजना बनाने में हाथ बँटा रहे हैं। यह प्रक्रिया न केवल शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास मज़बूत कर रही है बल्कि ग्रामीण समाज को अपनी समस्याओं और समाधानों का साझेदार भी बना रही है।



### जनभागीदारी से विकास की ओर

आदि कर्मयोगी अभियान यह संदेश दे रहा है कि शासन की कोई भी योजना तभी सफल होगी जब उसे आम जनता का सहयोग और नेतृत्व मिले। ग्राम सभाओं में पारित विलेज एक्शन प्लान भविष्य की विकास यात्रा का रोडमैप बनेगा। जशपुर ज़लि प्रशासन और ग्रामीण मिलकर जिस प्रकार इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं, वह आने वाले समय में एक आदर्श मॉडल सिद्ध होगा। यह पहल ग्रामीण विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी और स्थानीय लोगों को अपने गाँव की प्रगति के साथ जोड़ने का मज़बूत अवसर प्रदान करेगी।

## उचित मूल्य दुकान संचालकों के हड़ताल पर जाने से राशन वितरण हो रही प्रभावित



**सरसीवां।** छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के बैनर तले सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेताओं ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों को बंद कर 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष अपनी मांग मनवाने पहुंचेगें। उचित मूल्य दुकान संचालक संघ अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं। संघ का कहना है कि लंबे समय से छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप कार्य करते हुए पीडीएस का संचालन करते आ रहे हैं। पिछले कई वर्षों से अपनी समस्या के समाधान एवं अपनी कमीशन वृद्धि की मांग करते आ रहे हैं मगर सरकार द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं किए जाने पर 1 अक्टूबर से बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार चारामा से नया रायपुर तक 125 किलोमीटर तक पदयात्रा निकाल कर सभी संचालक विक्रेता 5 अक्टूबर को अपनी मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष रखेंगे।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411